# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 2024-25

## कक्षा-दसवीं हिन्दी-ब (कोड 085)

**निर्धारित समय: 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश-

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ
- खंड क में अपठित गदयांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।
- खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- खंड घ रचनात्मक लेखन पर आधारित है आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

| प्रश्न सं. | खंड-क<br>(अपठित बोध) | अंक |
|---|---|---|
| 1. | निम्नलिखित गदयांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- | 7 |
| | दुनिया में इस समय दिन दूनी, रात चौगुनी गति से प्रगति हो रही है। कुछ समय पहले तक असंभव सी लगने वाली चीज़ें आज प्रौद्योगिकी की मदद से सरलता से परिणाम तक पहुँच रही हैं। एक समय संगणक के विकास ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किया था। अब कृत्रिम बौद्धिकता ने चिकित्सा से लेकर हथियारों के निर्माण तक हर क्षेत्र में कंप्यूटर और रोबोट के प्रयोग को नया आयाम दिया है। पारंपरिक कंप्यूटर की दुनिया में इस प्रगति के समानांतर एक और अनुसंधान चल रहा है, जिसका नाम है 'क्वांटम कंप्यूटिंग' यानि अति-सूक्ष्मता का विज्ञान। भारत ने भी अब इस क्षेत्र में गति लाने का ऐलान कर दिया है। भौतिक-शास्त्र के क्वांटम सिद्धांत पर काम करने वाली इस कंप्यूटिंग में असीमित संभावनाएं देखी जा रही हैं। शोध के लिहाज से यह विषय किसी के लिए भी रुचि का विषय हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार एक पूर्ण विकसित क्वांटम कंप्यूटर की क्षमता सुपर कंप्यूटर से भी ज्यादा आँकी जा रही है। इस क्वांटम कंप्यूटिंग या मेकैनिक्स | |

| | | |
|---|---|---|
| | की खास बात यह है कि इसकी शुरुआत के बाद भारतीय और पश्चिमी वैज्ञानिक यह मान रहे हैं कि भारतीय भाववादी सिद्धांत को जाने बिना कण में चेतना का आकलन नहीं किया जा सकता। क्वांटम भौतिकी और कृत्रिम बौद्धिकता एक तरह से चेतना के भाववादी सिद्धांत को ही अस्तित्व में लाने के उपाय हैं। | |
| (क) | उपर्युक्त गदयांश किस विषयवस्तु आधारित है ?<br>i. कृत्रिम बौद्धिकता पर<br>ii. दुनिया के विकास पर<br>iii. संगणक के प्रयोग पर<br>iv. मानव अस्तित्व पर | 1 |
| (ख) | दिन दूनी, रात चौगुनी गति से प्रगति हो रही है- पंक्ति से आशय है ?<br>i. बहुत ही तेजी से विकास<br>ii. रात दिन काम करना<br>iii. चारों तरफ विकास होना<br>iv. बहुत अधिक विकास होना | 1 |
| (ग) | निम्नलिखित कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़कर दिए गए विकल्प से सही उत्तर चुनकर लिखिए –<br>कथन – क्वांटम कंप्यूटर की क्षमता सुपर कंप्यूटर से भी अधिक है।<br>निष्कर्ष – इससे विकास की गति को अधिक बल मिलेगा ।<br>i. कथन सही है लेकिन निष्कर्ष गलत है।<br>ii. कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं।<br>iii. कथन गलत है और निष्कर्ष सही है।<br>iv. कथन और निष्कर्ष दोनों गलत हैं। | 1 |
| (घ) | जीवन को सरल बनाने में प्रोद्योगिकी की भूमिका को स्पष्ट कीजिए | 2 |
| (ङ) | अति-सूक्ष्मता का विज्ञान क्या है? | 2 |
| **2.** | सूरज हमारी ऊर्जा की सारी कमियों को पूरा कर सकता है। यह एक विशाल रिएक्टर जैसा है। वैज्ञानिकों का प्रयास है कि कृत्रिम सूरज को धरती पर बनाया जाए। इसके लिए ये फ्यूजन तकनीक पर काम कर रहे हैं। सूर्य की चमक इन्सानों के लिए हजारों साल से आश्चर्य की वजह रही है। लेकिन करीब सौ साल पहले नई खोज द्वारा पता चला कि सूर्य की बेशुमार ऊर्जा का कारण न्यूक्लियर फ्यूजन है। फिर वैज्ञानिकों ने सोचा कि अगर धरती पर उसी तरह का फ्यूजन कराया जाए जो सूर्य में हो रहा है तो बहुत कुछ बदल जाएगा और लोगों को | 7 |

| | | |
|---|---|---|
| | बेशुमार ऊर्जा मिल जाएगी। आज दुनिया के सबसे बड़े न्यूक्लियर फ्यूजन रिएक्टर में ईंधन परीक्षण को शुरू कर दिया गया है। वैज्ञानिकों की एक टीम फ्रांस में फ्यूजन रिएक्टर को ताकत देने के लिए हयड्रोजन के एक अत्यंत दुर्लभ रूप की क्षमता का परीक्षण कर रहे हैं। अगर उनका यह परीक्षण सफल होता है तो इससे दुनिया को क्लीन एनर्जी का एक बहुत बड़ा जरिया मिल जाएगा। इससे न केवल जीवाश्म इंधनों पर निर्भरता घटेगी, बल्कि पर्यावरण को भी लाभ होगा। न्यूक्लियर फ्यूजन लंबे समय तक वातावरण में मौजूद रहने वाले रेडियोधर्मी अपशिष्ट उत्पन्न नहीं करता। यह अक्षय ऊर्जा से भी अधिक विश्वसनीय ऊर्जा स्रोत है। नाभिकीय संलयन द्वारा उत्पन्न ऊर्जा मानवजाति की लंबे समय से चली आ रही खोजों में सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह तुलनात्मक रूप से काफी स्वच्छ है। अर्थात यह कम कार्बन का उत्सर्जन करती है, साथ ही यह तकनीकी दक्षता के साथ सौ फीसदी स्वच्छ भी है । | |
| (क) | उपर्युक्त गदयांश की विषय-वस्तु है ?<br>i. सौर ऊर्जा<br>ii. स्वच्छ ऊर्जा<br>iii. नाभिकीय ऊर्जा<br>iv. रेडियोधर्मी ऊर्जा | 1 |
| (ख) | निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए । दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए:<br>कथन (A) - न्यूक्लियर फ्यूजन सौर ऊर्जा से भी विश्वसनीय ऊर्जा स्रोत है ।<br>कारण (R) - इससे दुनिया को स्वच्छ ऊर्जा प्राप्त होगी।<br>i. कथन (A) सही है,कारण (R)गलत है<br>ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।<br>iii. कथन (A) सही है , और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है।<br>iv. कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है। | 1 |
| (ग) | वैज्ञानिकों द्वारा कृत्रिम सूरज को धरती पर बनाने के पीछे कारण है -<br>i. ऊर्जा की कमी दूर करने के लिए<br>ii. पर्यावरण के लाभ के लिए<br>iii. प्राकृतिक ऊर्जा संग्रह के लिए<br>iv. फ्यूजन तकनीक को सिद्ध करने के लिए | 1 |
| (घ) | सूर्य को असीमित ऊर्जा का स्त्रोत क्यों माना जाता है ? | 2 |
| (ङ) | नाभिकीय ऊर्जा जीवाश्म ईंधनों से किस प्रकार भिन्न है ? | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | **खंड-ख**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| **3.** | पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – | 4x1=4 |
| (क) | वज़ीर अली की जांबाजी और साहसिक कारनामों से सभी परिचित थे- वाक्य में से विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए। | 1 |
| (ख) | किसी वाक्य में संज्ञा पदबंध की पहचान कैसे की जा जाती है, उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। | 1 |
| (ग) | <u>सबकी सहायता करने वाले आप</u> आज उदास क्यों हैं - वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए। | 1 |
| (घ) | मैं खेलते-कूदते कक्षा पास कर लेता हूँ - वाक्य में पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए। | 1 |
| (ङ) | क्रिया पदबंध का एक उदाहरण देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। | 1 |
| **4.** | 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए – | 4x1=4 |
| (क) | 'दादा को तार देने के सिवा तुम्हें और कुछ न सूझेगा'- वाक्य का भेद लिखिए। | 1 |
| (ख) | भीड़ की अधिकता के कारण पुलिस जूलुस को रोक नहीं सकी - संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए। | 1 |
| (ग) | उदाहरण द्वारा सरल एवं मिश्र वाक्य में अंतर स्पष्ट कीजिए। | 1 |
| (घ) | संयुक्त वाक्य में समुच्चयबोधक अव्यय की भूमिका स्पष्ट कीजिए। | 1 |
| (ङ) | गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध-बुध खोने लगा - वाक्य का भेद बताते हुए कारण स्पष्ट कीजिए। | 1 |
| **5.** | 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | 4x1=4 |
| (क) | सामासिक पद अन्य व्याकरणिक पदों से किस प्रकार भिन्न होता है? | 1 |
| (ख) | तत्पुरुष समास में पूर्व पद और उत्तर पद की भूमिका स्पष्ट कीजिए। | 1 |
| (ग) | 'यथाशक्ति' अव्ययीभाव समास है कैसे? | 1 |
| (घ) | 'त्रिलोकीनाथ' सामासिक पद का विग्रह करते हुए भेद लिखिए। | 1 |
| (ङ) | द्विगु समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए। | 1 |
| **6.** | 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए - | 4x1=4 |

| | | |
|---|---|---|
| (क) | भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होने के लिए.............................. करनी पड़ती है। (उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।) | 1 |
| (ख) | समुद्र किनारे शाम को ततांरा रोज वामीरो की.............................. था।<br>(उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।) | 1 |
| (ग) | शैलेंद्र का मुरझाया हुआ चेहरा देखकर राज कपूर ने मुस्कराते हुए कहा, "निकालो एक रुपया, पारिश्रमिक पूरा एडवांस।" पंक्ति से मुहावरा चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। | 1 |
| (घ) | 'काम तमाम कर देना और धूल में मिला देना मुहावरे में अंतर स्पष्ट कीजिए। | 1 |
| (ङ) | 'निराशा के बादल फटना' मुहावरे का वाक्य बनाइए। | 1 |
| | **खंड ग**<br>**(पाठ्यपुस्तक)** | |
| **7.** | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सर्वाधिक उचित विकल्प से चुनकर लिखिए- | 5x1=5 |
| | मदालसा भी पकड़ी गई थी। उससे मालूम हुआ कि उसको थाने में भी मारा गया था। सब मिलाकर 105 स्त्रियाँ पकड़ी गई थीं। बाद में रात को नौ बजे सबको छोड़ दिया गया। कलकता में आज तक इतनी स्त्रियाँ एक साथ गिरफ्तार नहीं की गई थी। करीब आठ बजे खादी भंडार आए तो कांग्रेस ऑफिस से फोन आया कि यहाँ बहुत आदमी चोट खाकर आए हैं और कई की हालत संगीन है उनके लिए गाडी चाहिए। जानकी देवी के साथ वहाँ गए, बहुत लोगों को चोट लगी हुई थी। डॉ दास गुप्ता उनकी देख-रेख तथा फोटो उतरवा रहे थे। उस समय तक 67 आदमी वहाँ आ चुके थे। बाद में तो 103 तक आ पहुंचे। | |
| (क) | मदालसा को थाने में भी मारा गया था- इस कथन से अंग्रेजी शासन की किस मानसिकता का पता चलता है?<br>i. स्त्रियों पर हिंसा<br>ii. दमनकारी नीति<br>iii. बदले की भावना<br>iv. अंग्रेजों की क्रूरता | 1 |
| (ख) | 'सब मिलाकर 105 स्त्रियाँ पकड़ी गई थी' कथन से निष्कर्ष निकलता है कि--- | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | i. आंदोलन में पुरुषों की संख्या कम थी।<br>ii. पुलिस स्त्रियों को अधिक गिरफ्तार कर रही थी।<br>iii. मोनुमेट पर स्त्रियाँ आगे की पंक्ति में थी।<br>iv. आंदोलन में स्त्रियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था। | |
| (ग) | इस गदयांश का सूत्रधार आप किसे मानते है ?<br>i. पूर्णोदास<br>ii. मदालसा<br>iii. सीताराम<br>iv. जानकी देवी | 1 |
| (घ) | यहाँ बहुत आदमी चोट खाकर आए हैं और कई की हालत संगीन है – पक्ति में 'संगीन' का अर्थ है-<br>i. गंभीर<br>ii. घायल<br>iii. मूच्छित<br>iv. नाजुक | 1 |
| (ङ) | निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यान से पढिए तथा सर्वाधिक उचित विकल्प को चुन कर लिखिए :<br>कथन (A) – डॉ दास गुप्ता उनकी देख-रेख तथा फोटो उतरवा रहे थे।<br>कारण (R) वे आंदोलन के बारे में साक्ष्य एकत्रित कर रहे थे।<br>i. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है<br>ii. कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है<br>iii. कथन (A) गलत है तथा कारण (R) सही है<br>iv. कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है | 1 |
| **8.** | **गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए –** | 3X2=6 |
| (क) | 'मेरे देखते तुम बेराह न चलने पाओगे' – पंक्ति से बड़े भाई के कर्तव्य और अधिकार का पता कैसे चलता है? | 2 |
| (ख) | 'जीवन में पहली बार मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ' – तताँरा ने ऐसा क्यों कहा होगा ? | 2 |
| (ग) | शैलेंद्र ने राज कपूर की भावनाओं को शब्द दिए हैं, कैसे ? | 2 |
| (घ) | सआदत अली खाँ में देशप्रेम का अभाव था, स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| **9.** | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए–** | 5x1=5 |
| | चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए | |

| | | |
|---|---|---|
| | विपत्ति, विघ्न जो पड़े उन्हें ढकेलते हुए<br>घटे न हेल–मेल हाँ बढ़े न भिन्नता कभी<br>अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी<br>तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे<br>वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे | |
| (क) | जीवन में निर्धारित लक्ष्य कैसे प्राप्त किया जा सकता है?<br>i. संपर्क बढ़ाने से<br>ii. साधन जुटाने से<br>iii. सतत प्रयत्नशील रहने से<br>iv. लक्ष्य का ध्यान करने से | 1 |
| (ख) | कवि को किस बात का डर है ?<br>i. दूरियाँ बढ़ने की<br>ii. प्रेम कम होने की<br>iii. सहयोग में कमी<br>iv. एकता की भावना का | 1 |
| (ग) | निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्प में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।<br>अभिकथन (A) – कवि मनुष्य के लिए मनुष्यता का होना अनिवार्य मानता है।<br>कारण (R) – मनुष्यता के लिए संतोष का होना आवश्यक नहीं है।<br>i. कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।<br>ii. कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।<br>iii. कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।<br>iv. कथन (A) सही है किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | 1 |
| (घ) | कवि समर्थ भाव किसे मानता है?<br>i. स्वार्थ भावना को सबल बनाना<br>ii. कार्य में सफलता प्राप्त करना<br>iii. कार्य के प्रति लगनशील रहना<br>iv. स्वयं के साथ दूसरे को भी आगे बढ़ाना | 1 |
| (ङ) | र्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी' – पंक्ति का भाव है –<br>i. तर्कहीनता<br>ii. भावुकता<br>iii. नकारात्मकता<br>iv. सकारात्मकता | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| **10.** | काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए - | 3x2=6 |
| (क) | प्रत्येक व्यक्ति की विशेषता उसके भीतर निहित होती है। कबीर की साखी से उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| (ख) | जीवन में सुख-दुख धूप और बादल की तरह होते हैं। | 2 |
| (ग) | 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता से कोई एक उदाहरण देकर सिद्ध कीजिए। | 2 |
| (घ) | तोप जैसे लोगों का परिणाम भी तोप जैसा ही होता है, विचार व्यक्त कीजिए। | 2 |
| (ङ) | मनुष्य को अपने साहस और पुरुषार्थ पर भाग्य से अधिक भरोसा रखना चाहिए। 'आत्मत्राण' कविता के आधार पर सिद्ध कीजिए। | 2 |
| **11.** | पूरक पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में लिखिए - | 2x3=6 |
| (क) | भारत एक बहुधार्मिक समाज वाला देश है। सामाजिक सद्भाव के लिए 'टोपी शुक्ला' पाठ आपको कैसे मदद करता है? | 3 |
| (ख) | स्मृतियाँ सदैव सुखद होती है। 'सपनों के-से दिन' पाठ में लेखक ने अपनी स्मृतियों को साझा किया है। आप भी इस प्रकार की कोई स्मृति साझा कर बताइए कि वह आपको क्यों अच्छी लगती है? | 3 |
| (ग) | आज शहरी एवं ग्रामीण जीवन में अकेलापन एक आम समस्या हो गई है। इससे कैसे मुक्त हुआ जा सकता है। 'हरिहर काका' पाठ के संदर्भ में युक्तियुक्त उत्तर दीजिए। | 3 |
| | **खंड घ**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | |
| **12.** | निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत- बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए - | 1x5=5 |
| | **(i) चुनाव में मतदान का महत्व**<br>• चुनाव क्या है<br>• चुनाव की आवश्यकता<br>• मतदान का महत्व<br><br>**(ii) स्वच्छता में आम आदमी की भूमिका**<br>• स्वच्छता क्यों आवश्यक<br>• स्वच्छता का स्वास्थ्य पर प्रभाव<br>• हमारी भूमिका<br><br>**(iii) यांत्रिक सुविधाओं का पर्यावरण पर प्रभाव**<br>• यांत्रिक सुविधा से अभिप्राय<br>• यंत्रों की अधीनता | |

| | | |
|---|---|---|
| | • पर्यावरण पर प्रभाव | |
| **13.** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए –** | 1x5=5 |
| | आप श्याम/दीपशिखा हैं। विद्यालय में भाषा प्रयोगशाला खुलवाने के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए जिससे विद्यार्थी भाषा की ध्वनियों को समझकर श्रवण एवं वाचन कौशल का विकास कर सकें ।<br>**अथवा**<br>आप बी-43, आकाश विहार, दिल्ली निवासी राजन/ रम्या हैं। हर साल होने वाली 'परीक्षा पर चर्चा' पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए। | |
| **14.** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए–**<br><br>आप राहुल/रोशनी हैं। आप अपने स्कूल के विद्यार्थी परिषद के सचिव हैं। आपके स्कूल में अंतर्विद्यालयी 'वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस विषय में सभी विद्यार्थियों को जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए।<br>**अथवा**<br>आप वैशाली निवासी अमर/अवनि हैं। आप अपने क्षेत्र के 'निवासी कल्याण संघ' के सचिव हैं। अपने क्षेत्र में लगने वाले रक्तदान शिविर की जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए। | 1x4=4 |
| **15.** | **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लिखिए–**<br><br>आपने खेल सामग्री की एक नई दुकान खोली है। अपनी दुकान के बारे में जानकारी देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।<br>**अथवा**<br>'भ्रष्टाचार मुक्त भारत' के विषय में लोगों को जागरूक करते हुए सरकार की ओर से एक विज्ञापन तैयार कीजिए। | 1x3=3 |
| **16.** | एक शाम जब मैं घर में बैठी थी तभी अचानक किसी ने ज़ोर से दरवाजा खटखटाया। मैं चौंक गया/गई...............................' पंक्ति से लगभग 100 शब्दों में **लघुकथा** लिखिए।<br>**अथवा** | 1x5=5 |

| | | |
|---|---|---|
| | आप शक्ति/संयम हैं। आप लालटेन गंज में रहते हैं। आपके क्षेत्र में पिछले एक महीने से बिजली की गंभीर समस्या चल रही है। इसकी जानकारी देते हुए बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को लगभग 80 शब्दों में **ई-मेल** लिखिए। | |

**अंक योजना प्रतिदर्श प्रश्नपत्र (2024–25)**
**कक्षा–दसवीं हिन्दी–ब (कोड 085)**

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है ।
- प्रश्नपत्र में बहुविकल्पीय एवं वर्णनात्मक प्रश्न हैं ।
- अंक योजना में दिए गए वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर बिंदु अंतिम नहीं हैं । ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं ।
- यदि परीक्षार्थी इन उत्तर बिन्दुओं से भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दें तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ ।
- मूल्यांकन–कार्य अपनी निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए ।
- एक ही प्रकार की अशुद्धि पर अंक न काटा जाए ।
- मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने – 0 से 80 का प्रयोग अभीष्ट है

| | **खंड–क<br>(अपठित बोध)** | |
|---|---|---|
| **1.** | अपठित गदयांश पर आधारित प्रश्न – | 7 |
| (क) | ii दुनिया के विकास पर | 1 |
| (ख) | i बहुत ही तेज़ी से विकास | 1 |
| (ग) | ii कथन और निष्कर्ष दोनों सही हैं। | 1 |
| (घ) | – कठिन चीज़ें आसान हो गई हैं।<br>– सरलता से परिणाम तक पहुँचा जा रहा है। | 1+1=2 |
| (ङ) | – कंप्यूटर का उन्नत रूप<br>– दुनिया की प्रगति में किए जाने वाले अनुसंधान का परिणाम<br>– सुपर कंप्यूटर से भी अधिक क्षमता तथा असीमित विकास की संभावनाएं | 1+1=2 |
| **2.** | **अपठित गदयांश पर आधारित प्रश्न –** | 7 |
| (क) | i सौर ऊर्जा | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ख) | iii कथन (A) सही है और कारण (R) उसकी सही व्याख्या है। | 1 |
| (ग) | i ऊर्जा की कमी दूर करने के लिए | 1 |
| (घ) | – अक्षय ऊर्जा का स्रोत होने से<br>– ऊर्जा की कमी को पूरा करने की क्षमता होने के कारण | 1+1=2 |
| (ङ) | – स्वच्छ ऊर्जा का स्रोत होने से<br>– पर्यावरण की सुरक्षा एवं लाभ<br>– जैविक ऊर्जा से अधिक विश्वसनीय | 1+1=2 |
| | **खंड–ख (व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| **3.** | **'पदबंध' पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –** | **4x1=4** |
| (क) | जांबाजी और साहसिक कारनामे – विशेषण पदबंध | **1** |
| (ख) | – जिस वाक्य में संज्ञा प्रमुख पद के रूप में प्रयुक्त होता है<br>उदाहरण – अयोध्या के राजा राम बड़े प्रतापी थे। इस वाक्य में 'राम' संज्ञा है तथा प्रमुख पद है अन्य पद संज्ञा का विस्तार है। | **1** |
| (ग) | सर्वनाम पदबंध | **1** |
| (घ) | पदबंध – 'खेलते–कूदते' – क्रिया विशेषण पदबंध<br>कारण – यह पद क्रिया की विशेषता बता रहा है। | **1** |
| (ङ) | क्रिया पदबंध – दौड़ता चला गया<br>उदाहरण – आंदोलनकारी मोनुमेंट की ओर दौड़ता चला गया। | **1** |
| **4.** | **'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –** | **4x1=4** |
| (क) | सरल वाक्य | **1** |
| (ख) | भीड़ की अधिकता थी, इसलिए पुलिस जूलुस को रोक नहीं सकी। | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | सरल वाक्य– सुभाष बाबू ज़ोर से वंदे मातरम बोलते थे ।<br><br>मिश्र वाक्य– जब सुभाष बाबू ज़ोर से वंदे मातरम बोलते थे तब लोगों में उत्साह भर जाता था। | 1 |
| (घ) | दो स्वतंत्र वाक्यों को समुच्चयबोधक अव्यय द्वारा जोड़ने पर संयुक्त वाक्य बन जाता है। | 1 |
| (ङ) | मिश्र वाक्य– 'कि' वाक्य में प्रयुक्त होने से पहले आधार वाक्य पर दूसरा वाक्य आधारित है। सम्पूर्ण वाक्य से स्पष्ट होता है। | 1 |
| **5.** | **'समास' पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –** | **4x1=4** |
| (क) | अन्य व्याकरणिक पदों के विग्रह करने पर विशेष अर्थ उत्पन्न नहीं होता है जबकि सामासिक पद के विग्रह से विशेष अर्थ ध्वनित होता है। | 1 |
| (ख) | तत्पुरुष समास में उत्तर पद प्रमुख होता है । उत्तर पद से ही अर्थ का पता चलता है।<br><br>उदाहरण– राजपुत्र– राजा का पुत्र<br><br>राजपुत्री – राजा की पुत्री | 1 |
| (ग) | 'यथाशक्ति' में प्रथम पद 'यथा' है जो एक अव्यय पद है। अव्ययीभाव समास में प्रथम पद अव्यय और प्रमुख होता है। | 1 |
| (घ) | त्रिलोकीनाथ– तीनों लोकों के नाथ हैं जो अर्थात विष्णु – बहुव्रीहि समास | 1 |
| (ङ) | द्विगु समास में प्रथम पद हमेशा संख्यावाची होता है। उदाहरण– त्रिकोण, चौराहा आदि । | 1 |
| **6.** | **'मुहावरे' पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित –** | **4x1=4** |
| (क) | रात–दिन एक करनी | 1 |
| (ख) | बाट जोहती | 1 |
| (ग) | 'मुरझाया हुआ चेहरा' – परीक्षा परिणाम अनुकूल नहीं आने पर विद्यार्थियों का चेहरा मुरझा जाता है। (अन्य उपयुक्त वाक्य भी स्वीकार्य) | 1 |
| (घ) | काम तमाम कर देना – अर्थात खत्म कर देना | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | धूल में मिला देना – शान में दाग लगा देना | |
| (ङ) | अधिक मेहनत करने के नाम सुनकर जो निराशा छोटे भाई को होती थी थोड़ी देर बाद स्वतः निराशा के बादल फटने लगते । (उपयुक्त अन्य उत्तर भी स्वीकार्य) | 1 |
| | **खंड-ग**<br>**(पाठ्य पुस्तक )** | |
| **7.** | **पठित गदयांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित -** | **5x1=5** |
| (क) | i स्त्रियों पर हिंसा | 1 |
| (ख) | iv आंदोलन में स्त्रियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया था | 1 |
| (ग) | iii सीताराम | 1 |
| (घ) | i गंभीर | 1 |
| (ङ) | ii कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है। | 1 |
| **8.** | **किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में अपेक्षित -** | **3x2=6** |
| (क) | – छोटे भाई पर ध्यान रखना बड़े का कर्तव्य<br>- उसे अनुचित कार्य करने पर डांटना अधिकार | 2 |
| (ख) | - द्वीप पर तताँरा एक नेक और लोकप्रिय युवक<br>- पहली बार वामीरो को देख कर विचलित महसूस करना<br>- वामीरो के प्रति कोमल भावनाओं को महसूस करने से असंयत होना | 2 |
| (ग) | – राजकपूर का व्यक्तित्व एवं अभिनय के अनुकूल हीरामन का चरित्र<br>- चरित्र में डूबकर अभिनय करने से एकाकार हो जाना<br>- शैलेंद्र ने जिस भावुकता के साथ फिल्म बनाई, राजकपूर ने उसी भावुकता के साथ अभिनय किया | 2 |
| (घ) | – अपने देश (अवध) तथा भाई आसिफउददौला के साथ गद्दारी<br>- सत्ता तथा सुख के लिए अंग्रेजों के साथ मिल जाना<br>- अपने भाई भतीजा के प्रति दुर्भावना | 2 |
| **9.** | **काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित -** | **5x1=5** |
| (क) | iii सतत प्रयत्नशील रहने से | 1 |
| (ख) | i दूरियाँ बढ़ाने से | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| (ग) | iv कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। | 1 |
| (घ) | iv स्वयं के साथ दूसरे को भी आगे बढ़ाना | 1 |
| (ङ) | iv सकारात्मकता | 1 |
| **10.** | **किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में अपेक्षित -** | **3x2=6** |
| (क) | कस्तुरी कुंडली ............................दुनिया देखे नांहि ॥<br>- जिस तरह कस्तूरी मृग की नाभि में होती है , लेकिन मृग को पता नहीं होता और उसे वन में खोजता है । ठीक वैसे ही मनुष्य अपने भीतर की विशेषता को नहीं देख कर बाहर खोजता है। | 2 |
| (ख) | उड़ गया अचानक लो भूधर<br>फड़का अपर वारिद के पर - तथा अन्य उदाहरण भी स्वीकार<br>- सुख पर दुख की छाया हमेशा होती है। दुख रूपी बादल सुख रूपी धूप को कभी भी घेर सकता है। | 2 |
| (ग) | - अत्याचारी का अत्याचार हमेशा नहीं रहता<br>- एक दिन कमजोर और बेबस हो जाता है<br>- मज़ाक और उपहास का पात्र बन जाता है | 2 |
| (घ) | - भगवान भी उसी की मदद करता है जो स्वयं अपनी मदद करता है।<br>- कवि ईश्वर से विपत्ति पर जीत की शक्ति चाहता है।<br>- कठिनाइयों को साहस से पराजित करना चाहता है। | 2 |
| **11.** | **पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 40-50 शब्दों में अपेक्षित -** | **2x3=6** |
| (क) | - टोपी और इफ़्फ़न दोनों अलग- अलग धर्म के मानने वाले मगर दोनों में अटूट प्रेम<br>- दोनों एक-दूसरे के मज़हब और रीति रिवाज का सम्मान करते | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | – एक–दूसरे के यहाँ आना–जाना लेकिन किसी बात पर ज़ोर–जबरदस्ती नहीं | |
| (ख) | – मुक्त उत्तर ।<br>(विद्यार्थियों की समझ तथा अभिव्यक्ति क्षमता पर आधारित) | **3** |
| (ग) | – परिवार और समाज रूपी संस्था को मजबूत करके<br>– सामाजिक तथा पारिवारिक मूल्यों में विश्वास तथा अमल करके<br>– स्वार्थ और आत्मकेंद्रित भावना से मुक्त हो कर<br>– अपने आसपास के प्रति जागरूक तथा बदलाव के लिए पहल करके | **3** |
| | **खंड–घ**<br>**( रचनात्मक लेखन)** | |
| **12.** | **किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन–**<br>• भूमिका - 1<br>• विषयवस्तु - 3<br>• भाषा - 1 | **1x5=5** |
| **13.** | **लगभग 100 शब्दों में पत्र लेखन –**<br>• आरंभ और अंत की औपचारिकताएँ - 1<br>• विषयवस्तु - 3<br>• भाषा - 1 | **1x5=5** |
| **14.** | **लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन –**<br>• सूचना का प्रारूप - 1<br>• विषयवस्तु - 2<br>• भाषा - 1 | **1x4=4** |
| **15.** | **लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन लेखन –**<br>• विषयवस्तु - 1<br>• प्रस्तुति - 1 | **1x3=3** |

| | | |
|---|---|---|
| | • भाषा - 1 | |
| **16.** | **लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लेखन –**<br><br>• विषयवस्तु - 3<br>• रोचकता - 1<br>• भाषा - 1<br><br>**अथवा**<br><br>**लगभग 80 शब्दों में ईमेल लेखन –**<br><br>• प्रारूप - 1<br>• विषयवस्तु - 3<br>• भाषा - 1 | **1x5=5** |